सार-समाचार

गायत्री महायज्ञ में आहूतियां दी

उदयपुरवाटी (निसं)। कस्बे में अखिल विश्व गायत्री परिवार की स्थानीय शाखा के तत्वाधान में स्थानीय गायत्री प्रज्ञापीठ भुरिकुड़ी में बजरंग लाल सोनी के मुख्य आचार्यत्व एवं अविनाश कुमार तंवर तथा सजना देवी के मुख्य यजमानत्व में गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया।जिसमें उपस्थित लोगों ने गायत्री महामंत्र एवं महामृत्युंजय महामंत्र के सामूहिक उच्चारण के साथ देश की खुशहाली एवं लोक शांति के लिए यज्ञ में आहुतियां अर्पित की। गायत्री परिवार के द्वारा बसंत पर्व पर गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के आध्यात्मिक जन्म दिवस को बौध दिवस के रूप में मनाया गया।इस अवसर पर आयोजन के आचार्य बजरंग लाल सोनी ने विस्तार से गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा के जीवन व्रत के बारे में जानकारी दी। साथ ही बसंत से संबंधित कविता एवं दोहे की प्रस्तुति दी। सर्वोदय कार्यकर्ता बद्री प्रसाद तंवर ने भी बसंत पर्व के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि बसंत पर्व जीवन के नवनिर्माण एवं प्रकृति के सृजन का पर्व है। इस अवसर पर समाजसेवी एडवोकेट मोतीलाल सैनी,उप कोषाधिकारी मोहनलाल असवाल, अविनाश तंवर, सजना देवी, रतनलाल टांक, आशीष तंवर, सुनील कुमार तंवर, मदनलाल सैनी, बनवारी लाल आड़तियां, डिंपल तंवर, देवीका तंवर, हिमांशु सैनी सहित कई लोग उपस्थित थे। ओम शांति एवं सर्वे भवंतु सुखिन: वैदिक मित्रों के साथ आयोजन का समापन किया गया।

गौसवामणी का आयोजन

सीकर (निसं)। श्री करणी माता गौशाला चेलासी मे रविवार को बसंत पंचमी के अवसर पर गोपीनाथ गौ सेवा समिति के तत्वाधान में गौसवामणी का आयोजन किया गया। समिति के अध्यक्ष शैलेष जैन ने बताया कि की गौमाता को हरा चारा, गुड़, खल, चुरी, गोभी, रोटी, मूली,सरसों का भोग लगाया ओर कहा कि हर पर्व पर गौ सेवा करनी चाहिए। गोपीनाथ गौ सेवा समिति की तरफ से श्री लड्डू गोपाल महाराज के जन्मदिवस के अवसर पर खानवानी परिवार और आसवानी परिवार के द्वारा पुण्यतिथि के अवसर पर दोनों परिवार के द्वारा गौ सेवा की गई और उनको श्री गोपीनाथ राजा का चित्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। सभी गौ भक्तों ने गौ सेवा करके पुण्य लाभ लिया। जन्मदिन वैवाहिक वर्षगांठ पुण्यतिथि हर पर्व गौ माता की सेवा कर बनाने के लिए प्रेरित किया गया और आभार व्यक्त किया। इसी सेवा कार्य में झाबर सिंह बुरडक, अजित जैन,श्याम सिकलीगर,कुशल जांगिड, सूरज खानवानी, अर्जुन खानवानी, श्रवण शर्मा, पंकज जैन, पूनम आसवानी, मधु खानवानी, सिमरन खानवानी, भारती खानवानी, लालचंद आसवानी आदि गोपीनाथ गौ सेवा समिति के गौसेवक उपस्थित रहे।

योग शिविर का शुभारंभ

सीकर (निसं)। कोलीड़ा में सदाफल अतिथि भवन में भारत स्वाभिमान सीकर के सौजन्य से रविवार को तीन दिवसीय एकीकृत योग शिविर का शुभारंभ हुआ। बीएसटी जिला संयोजक बृजमोहन मील ने बताया कि पहले दिन के सत्र में संगठन के कोषाध्यक्ष योग शिक्षक रामस्वरूप शर्मा ने योगाभ्यास करवाया। उन्होंने साधकों को यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान व समाधि आदि योग के आठ अंगों की जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न आसनों के अलावा भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम, भ्रामरी, उदगीथ आदि का अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लोग तनाव, अनियमित दिनचर्या व मोटापे की वजह से होने वाले रोगों से घिरे हुए हैं। नियमित योगाभ्यास से शारीरिक व मानसिक व्याधियों से बचा जा सकता है। उन्होंने स्वस्थ जीवन के लिए योग को अपनी नित्य दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी। योग शिविर में भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी बृजमोहन मील, दिनेश शर्मा, महेश मील पोसानी, बृजेंद्र शर्मा, प्रकाश मील, रामस्वरूप पटेल, राजेंद्र शर्मा, बसंत शर्मा, रविकांत शर्मा आदि उपस्थित रहे।

शिक्षा मंत्री को ज्ञापन दिया

सादुलपुर, (निसं)। ग्राम पंचायत नुहन्द के आदर्श राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान और कृषि संकाय खोलने की मांग को लेकर भाजपा जिला मंत्री संदीप काजला ने जयपुर में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के सरकारी आवास पर मुलाकात कर गांव और विद्यार्थियों के हित में बजट में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। काजला ने लिखित शिकायत में बताया कि विगत 25 जनवरी को तहसील के गांव नुहन्द में स्थित आदर्श राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आपने ने दूरभाष से विद्यालय के वार्षिक उत्सव को संबोधित किया था तथा उस समय विद्यालय में विज्ञान ओर कृषि संकाय खोलें जाने की मांग रखी थी। जिस पर शिक्षा मंत्री ने सकारात्मक प्रयास का आश्वासन दिया था। इस संदर्भ में काजला ने शिक्षा मंत्री का जयपूर में आभार जताते हुए आगामी 19 फरवरी को आने वाले बजट में ग्राम पंचायत नूहन्द के आदर्श राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान व कृषि संकाय खोलने की मांग की है। इस मौके पर गांव के प्रमुख जन भी उपस्थित थे।

गुप्त नवरात्रि पूजन मनोकामना पूर्ण करने वाला : कृष्णानन्द महाराज

रतनगढ़ (निसं)। श्री राज राजेश्वरी सेवाश्रम पर आयोजित शतचण्डी महायज्ञ में विद्वान ब्राह्मणों के सानिध्य में माँ दुर्गा का पूजन कर चण्डी पाठ से हवन किया गया। आचार्य कृष्णानन्द महाराज ने कहा कि नवरात्रि में मां दुर्गा की पूजा करने से मन-शरीर शुद्ध होता है और मन, अंत:करण, चित्त, बुद्धि, और अहंकार का शोधन होकर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है साथ ही जीवन में भय, विघ्न, और शत्रुओं का नाश होता है। नवरात्रि पूजन सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाला है। मुख्य यजमान राधा देवी-नवीन कुमार ढँढ ने पूजन कर हवन में आहुतियाँ प्रदान की। आयोजन में सज्जन मिश्रा, हरीश जैसनसरिया, करण सिंह राठौड़, संत गंगानाथ, गोपी किशन चौमाल, कृष्णा महर्षि, नवीन कुंदनिया, धनपत राय गौड़, विमल सराफ, प्रशांत जोशी, सुबोध लुंडिया, मनोज जालान, प्रदीप धर्ड, अशोक खांडल, संजय सुरोलिया, विवेक गौड आदि उपस्थित थे।

विद्यारंभ संस्कार यज्ञ का समापन

सादुलपुर, (निसं)। भक्कड़ आदर्श विद्या मंदिर, मुख्य दरवाजे के पास राजगढ में रविवार को बसंत पंचमी के अवसर पर विद्यारंभ संस्कार व सरस्वती पूजन यज्ञ किया गया। प्रधानाचार्य किशन लाल प्रजापत ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम में 2.5 से 5 वर्ष तक के 12 शिशुओं का हवन में आहुति दिलवाकर विद्यारंभ संस्कार किया गया। वहीं अभिभावकों ने यज्ञ में आहुति दिलवा कर व विद्यारंभ संस्कार करवा कर अपने शिशुओं का संस्कार मय शिक्षा के लिए भविष्य सुनिश्चित किया। कार्यक्रम में तीन जोडे बैठे सीए हिमांशु बिंदल-राशि, किशन लाल-चंद्रा, नरेंद्र-मिनाक्षी, विद्यालय व्यवस्थापक कैलाश बिंदल, सह जिला कार्यवाह पुरूषोत्तम बलौदा, साधना शर्मा, अंशु, पूजा, सुदेश एवं विद्यालय के सभी आचार्य आचार्या व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

बसंत पंचमी महोत्सव मनाया

चूरू (निसं)। भास्कर भवन में सराफ फाउंडेशन की ओर से चल रही गीता क्लासेज में रविवार को बसंत पंचमी और सूर्य सप्तमी उत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम संयोजक संजय सिंघानिया ने बताया कि बसंत पंचमी और सूर्य सप्तमी के अवसर पर बच्चों का गुलाल का तिलक लगाकर स्वागत किया गया और मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर प्रेमलता अग्रवाल और हर्षित सोनी ने बच्चों को पांच श्लोक, नित्य नियम, संकीर्तन और प्रार्थना का अभ्यास करवाया। हर्षित ने बच्चों को गीता के श्लोक के बारे में विस्तृत जानकारी दी। योगाचार्य शंकरलाल ने बच्चों को योग के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक सूर्य नमस्कार भी किया। कार्यक्रम का संचालन मोहित सिंघानिया, विशाल, प्रियंका शर्मा और यशस्वी अग्रवाल ने किया।

लैंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित

रतनगढ़ (निसं)। रतनगढ़ माहेश्वरी सभा ट्रस्ट ,शंकरा आई हॉस्पिटल व जिला अंधता निवारण समिति, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में श्री भंवरलाल विनितादेवी बैद चैरीटेबल ट्रस्ट द्वारा नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन दिनांक 27 फरवरी 2025 वार गुरुवार को माहेश्वरी भवन ,रामचंद्र पार्क के पास होगा । शिविर प्रभारी नरेंद्र झंवर ने बताया मरीजों की नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व आधुनिक तकनीक द्वारा बिना टांके का ऑपरेशन जयपुर ले जाकर किया जाएगा। शिविर में सभी प्रकार की व्यवस्थाएं पूर्णता नि:शुल्क रहेगी। पंजीयन के लिए रोगी अपने आधार कार्ड की दो फोटो कॉपी साथ लावे।

सादुलपुर रेलवे स्टेशन से चोरी हुई बाइक बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

सादुलपुर, (निसं)। तीन रोज पूर्व रेलवे स्टेशन सादुलपुर के सामने खडी मोटरसाइकिल की हुई चोरी मामले में राजगढ थाना पुलिस ने रविवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की गई मोटरसाइकिल को भी बरामद करने की कार्रवाई की है।

शाम साढे पांच बजे दी जानकारी में थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पूर्व में चोरी, मारपीट, आबकारी एक्ट तथा आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट के अनेक मामले हमीरवास, पिलानी, खेतडी व झुन्झनू आदि पुलिस थानों सहित अन्य थानों में दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शातिर है। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा स्थानीय पुलिस अधिकारियों के सुपरविजन में चोरी के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए गए अभियान अंतर्गत पुलिस ने आरोपी मनोज उर्फ मोनू पुत्र माईराम नायक (28) निवासी लोको कॉलोनी वार्ड नंबर 17 सादुलपुर को गिरफ्तार किया है तथा आरोपी के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल को भी बरामद करने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि चोरी की गई मोटरसाइकिल के अनुमानित कीमत एक लाख रुपए है। गौरतलब है कि 31 जनवरी को सादुलपुर रेलवे स्टेशन के सामने खडी मोटरसाइकिल को आरोपी चोरी कर ले गया था। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर चोरी के घटनास्थल का मौका निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरे देखे गए एवं तकनीकी सहायता से आरोपी का पीछा कर रविवार को आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। थाना अधिकारी ने बताया कि मामले में हेड कांस्टेबल राजकुमार, कांस्टेबल महेंद्र कुमार, कास्टेबल सूबेसिंह, कास्टेबल रवि कुमार व कांस्टेबल कुलदीप ने महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई।

सादुलपुर पुलिस ने बाइक चोरी के आरोपी को गिरफ्त में लिया।

मधुमेह चिकित्सा शिविर आयोजित

झुंझुनूं, (निसं)। लॉयंस क्लब झुंझुनूं के तत्वावधान में रविवार को बगड रोड स्थित पंसारी लॉयंस अस्पताल पर स्वर्गीय गीतादेवी एवं स्वर्गीय रामावतार मोदी की पुण्य समृति में उनके पुत्र लॉयन रामचंद्र मोदी एवं परिवारजन के आर्थिक सौजन्य से निशुल्क मधुमेह चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। मधुमेह चिकित्सा शिविर में 63 मधुमेह रोगियों को लॉयन डॉ. एनएस नरूका एवं लॉयन डॉ. अनिल अग्रवाल ने चिकित्सा परामर्श देते हुए उपलब्ध एक माह की निशुल्क दवाइयां क्लब की ओर से प्रदान की गई। शिविर में दानदाता परिवार के संजीव मोदी, क्लब संरक्षक एमजेएफ लॉयन एसएन शर्मा, क्लब अध्यक्ष डॉ. बबिता कुमावत, शकुंतला पुरोहित, विनिता शर्मा, एमजेएफ लॉयन नरेंद्र व्यास, कोषाध्यक्ष किशनलाल जांगिड, एमजेएफ लॉयन रघुनाथ पोद्दार, रामप्रताप कुमावत, देवेंद्र शेखावत एवं शिविर संयोजक लॉयन महिपालसिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। इसी क्रम में अस्पताल परिसर में ही लॉयंस क्लब झुंझुनूं के तत्वावधान में बहुउद्देशीय चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में लॉयन डॉ. एनएस नरूका एवं लॉयन डॉ. अनिल अग्रवाल ने शिविर में आए हुए 31 रोगियों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान की।

बसंत पंचमी पर लायंस क्लब ने गौवंश को गुड़ खिलाया

सामाजिक संस्था लायंस क्लब की ओर से बसंत पंचमी के पावन अवसर पर स्थानीय हनुमानगढ़ी गौशाला में गौवंश को गुड़ खिलाया गया।

चूरू (निसं)। सामाजिक संस्था लायंस क्लब की ओर से रविवार को बसंत पंचमी के पावन अवसर पर स्थानीय हनुमानगढ़ी गौशाला में गौवंश को गुड़ खिलाया गया। क्लब अध्यक्ष लायन अनुराग शर्मा ने बताया कि क्लब द्वारा सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में लगातार अनेक प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जाती है। इसी क्रम में रविवार को भी पुष्पा देवी नागवान के आर्थिक सौजन्य से गौशाला में गायों को 130 किलो गुड़ खिलाया गया। इस अवसर पर लायन चंद्र प्रकाश खत्री, राजीव शर्मा, राजीव चाहर सहित क्लब के अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

नव चयनित प्रधानाचार्यों का सम्मान समारोह आयोजित

सादुलपुर, (निसं)। रविवार को बसन्त पंचमी माँ शारदे के पावन पर्व पर राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद प्रधानाचार्य जिला शाखा चूरू के द्वारा राजगढ उपशाखा में नव चयनित प्रधानाचार्यो का सम्मान समारोह स्थानीय राजस्थान पब्लिक स्कूल शिक्षा समूह राजगढ के परिसर में किया गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रामकुमार खीचड, हरिप्रसाद टाक जिला मंत्री, जिला निर्वाचन अधिकारी विनोद जांगिड, संगठन के पूर्व पदाधिकारी व सरक्षक महेन्द्र सहारण, राजेश पूनियां, सुमेर सांगवान, डॉ. सोमवीर सिंह, राजपाल स्वामी, जयपाल सिंह श्योराण द्वारा तहसील राजगढ के नवनियुक्त प्राचार्यो का अभिभन्दन किया गया। इस अवसर पर राजेश पूनिया प्रधानाचार्य बैजुआ ने नवनियुक्तों हेतू आने वाली विभिन्न चुनौतियों के बारे में विस्तार से बताया। राजपाल स्वामी प्रधानाचार्य कांधरान ने विद्यालय हित, छात्र हित व ग्राम हित हेतू कार्य करने का आव्हान किया तथा सुमेर सांगवान तथा विनोद कुमार जांगिड द्वारा विद्यालय के बेहतर संचालन के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। इसी अवसर पर उपशाखा राजगढ की कार्यकारणी का भी निर्विरोध निर्वाचन किया गया। जिसमे हनुमान सिंह श्योराण को तहसील अध्यक्ष, अरविन्द कुमार को उपशाखा मंत्री व सीताराम सिंघल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रामकुमार खीचड ने विभिन्न सांगठनिक दायित्वों पर चर्चा के साथ-साथ वर्षभर संगठन द्वारा किये गये कार्यों पर प्रकाश डाला।

स्काउट गाइड्स का उत्साहवर्धन किया

झुंझुनूं, (निसं)। भारत स्काउट गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित स्पेशल डायमंड जुबली जंबूरी का आयोजन 28 जनवरी से तीन फरवरी तक मन्नापराई तिरुचिरापल्ली तमिलनाडू में किया जा रहा है। जंबूरी में पूरे भारतवर्ष से पंद्रह हजार से अधिक स्काउट गाइड सहभागिता कर रहे हैं जिसमें नेपाल, श्रीलंका, सऊदी अरब, मलेशिया के स्काउट्स गाइड्स भी सहभागिता कर रहे हैं। सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि इस डायमंड जुबली जंबूरी में राजस्थान प्रदेश से 1050 से अधिक स्काउट गाइड ने भाग लिया।

नीमकाथाना जिला निरस्त किये जाने के विरोध में 34वें दिन भी धरना जारी

पाटन (निसं)। नीमकाथाना जिले को पुन: बहाल की मांग को लेकर 34 वें दिन भी धरना जारी रहा तथा एडवोकेट श्रवण कुमार शर्मा, राजू यादव, पूरण सैनी, इन्द्राज यादव, केशव सैनी को विधायक सुरेश मोदी ने माला पहनाकर भूख हड़ताल पर बैठाया। क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठने वालों लोगों का दिन प्रतिदिन जुडाव बढ़ता हुआ जा रहा है वहीं धीरे धीरे विभिन्न संगठनों और राजनीतिक दल जुड रहे हैं। क्षेत्रवासीयों के बढते हुए जोश को देखकर यह लगाता है कि नीमकाथाना जिला को हटाकर सरकार ने जो फैसला लिया उस फैसले के आगे सरकार को झुकना पड़ेगा तथा जल्द ही नीमकाथाना को जिला और सीकर को संभाग बनाना पड़ेगा।

एडवोकेट श्रवण शर्मा ने कहा कि यहां की जनता ने जो आंदोलन किया है, वह केवल प्रशासनिक फैसले के खिलाफ नहीं, बल्कि यह भी एक संकेत है कि सरकार को जनहित में और संवेदनशील निर्णय लेने की आवश्यकता है। यदि इस तरह की समस्याओं को नजरअंदाज किया जाता है, तो यह भविष्य में और भी बड़े संकटों को जन्म दे सकता है। राज्य सरकार द्वारा नीमकाथाना जिले को निरस्त किए जाने के फैसले को वापस लेना होगा और जल्द से जल्द नीमकाथाना जिले को पुन: बहाल करना होगा। यदि इस तरह के मुद्दों पर सरकार की अनदेखी और असंवेदनशीलता बढ़ती है, तो जनता की नाराजगी और आंदोलन और भी तीव्र हो सकता है, जिसका असर पूरे राज्य की राजनीति पर पड़ सकता है। इसलिए, समय रहते नीमकाथाना जिला वापस बनाने के मुद्दे का समाधान किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

अगर सरकार ऐसे ही इस मुद्दे को नजरअंदाज करती रही, तो यह न केवल नीमकाथाना बल्कि पूरे सीकर संभाग में असंतोष और उपेक्षा की भावना को बढ़ावा देगा। इससे शासन और प्रशासन की नकारात्मक छवि बनेगी, जो किसी भी सरकार के लिए नुकसानदेह साबित हो सकती है। अंतत:, यह स्थिति सरकार के लिए भी कठिन हो सकती है, क्योंकि हर आंदोलन के पीछे एक सशक्त जन समर्थन होता है, जो अगर बर्बाद हो जाए, तो उसका असर लंबे समय तक रहेगा। इसलिए, अब समय आ गया है जब सरकार को इस गंभीर मुद्दे का समाधान शीघ्रता से करना चाहिए, ताकि समाज में शांति और संतुलन बना रहे और जनता का विश्वास वापस लौटे।विकास कुमावत, सतीश, सूरजमल, सरपंच सुरेश खैरवा, अनिल काजला, श्रीराम गुर्जर, बलवीर खैरवा, नरेश टेलर, श्रीचन्द सैनी, रामसिंह राजनगर, विजय कुमार शर्मा, पूरणमल सैनी, कैलाश गुर्जर, मनोज जांगिड ने क्रामिक भूख हड़ताल समिति को अपना समर्थन दिया।

नीमकाथाना जिले को पुन: बहाल की मांग को लेकर धरना जारी रहा।

सार-समाचार

सुंडा ने बजट को फ्लॉप शो बताया

झुंझुनूं, (निसं)। शनिवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट को कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सुंडा ने फ्लॉप शो बताया है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 सालों से केंद्र की भाजपा सरकार सिर्फ गरीबों के धोखा और पूंजीपतियों को मालामाल करने का काम कर रही है। यह बजट भी उसी की एक कड़ी है। उन्होंने कहा है कि इस बजट में युवाओं को नौकरियों देने और महंगाई को कम करने के लिए कुछ नहीं किया गया। यही नहीं राजस्थान को इस बजट से काफी कुछ उम्मीदें थी। जो भी धुमिल हो गई है। ना तो ईआरसीपी और ना ही यमुना के पानी को लेकर केंद्र सरकार ने कोई बजट रखा है। जिससे साफ है कि प्रदेश की पर्ची सरकार पर अब केंद्र सरकार को भी भरोसा नहीं रहा। किसानों को एमएसपी का इंतजार था। जो इस बजट में भी अधूरा रह गया। पुरानी पेंशन को लेकर कर्मचारी केंद्र सरकार की ओर टकटकी लगाकर देख रहा था। उन्हें भी निराशा हाथ लगी। बजट को सिर्फ बिहार चुनाव को देखते हुए बनाया गया है। यह सरकार जनता से कोई सरोकार नहीं रखती। बस वोट की राजनीति के अनुसार काम करती है। जहां चुनाव होते है। वहां के लोगों से झूठे वादे कर दिए जाते है। असंवेदनशील मोदी सरकार की नीतियां सिर्फ अपने मित्रों को लाभ पहुंचाने और अमीर व गरीब के बीच लगातार खाई बढ़ाने का काम कर रही है।

नव निर्वाचित मंडल अध्यक्षों का स्वागत

झुंझुनूं, (निसं)। विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के पांच मंडलों में से दो मंडल अध्यक्षों बगड़ से सुदर्शन चौमाल तथा कुलोद से अनुपम जाखड़ के सर्वसम्मति से निर्वाचन की घोषणा गत दिनों हुई थी। दोनों नव निर्वाचित मंडल अध्यक्षों का विधायक राजेंद्र भांबू ने विधायक सेवा केंद्र में स्वागत व अभिनंदन किया। भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनियां, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश शर्मा बगड़, बगड़ चेयरमैन गोविंदसिंह राठौड़ व समाजसेवी कृष्ण गावड़िया की अगुवाई में भाजपा के बगड़ मंडल अध्यक्ष सुदर्शन चौमाल तथा कुलोद मंडल अध्यक्ष अनुपम जाखड़ का स्वागत किया गया। इस मौके पर विधायक भांबू व भाजपा नेता पूनियां ने कहा कि दोनों ही कार्यकर्ता युवा है और पार्टी से लंबे समय से जुड़े हुए है। इनकी नियुक्ति के बाद कार्यकर्ताओं में खुशी है। वहीं दोनों ही कार्यकर्ता पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने में सहयोग करेंगे। इस मौके पर विधायक भांबू ने बताया कि जल्द ही शेष तीन मंडल अध्यक्षों की भी घोषणा होगी। पार्टी के संगठन स्तर और संगठन पर्व की प्रदेश, जिला टीम के पदाधिकारियों द्वारा नामों पर मंथन किया जा रहा है। सर्वसम्मति से ही शेष तीन मंडलों का निर्वाचन होगा।

सीईओ कैलाशचंद्र शर्मा का कम समय का कार्यकाल, लेकिन बेहतर रहा

झुंझुनूं, (निसं)। कार्मिक विभाग की ओर से जारी आरएएस अधिकारी तबादला सूची में जिला परिषद झुंझुनूं के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाशचंद्र शर्मा का तबादला हो गया है। शर्मा को अब राजस्व अपील अधिकारी श्रीगंगानगर के पद पर लगाया हैं। इनकी जगह अतिरिक्त निदेशक माध्यमिक शिक्षा विभाग बीकानेर से रणजीत सिंह को झुंझुनूं जिला परिषद सीईओ लगाया है। सीनियर आरएएस अधिकारी कैलाशचंद्र शर्मा ने सितंबर 2024 में पदभार संभाला था। शर्मा का लगभग साढ़े चार माह का कार्यकाल बेहतर रहा है। सीईओ शर्मा ने कम समय के कार्यकाल में बेहतर प्रयास करते हुए मनरेगा से लेकर अन्य सभी कार्यों के प्रति संवेदनशील नजर आए। साथ ही चर्चा रही है कि सीईओ कैलाशचंद्र शर्मा की कार्यशैली से ना केवल आमजन बल्कि अधिकारी व कर्मचारी भी खुश थे। इधर, जिला परिषद सीईओ कैलाशचंद्र शर्मा ने कहा कि झुंझुनूं में अधिकारी, कर्मचारी वर्ग के साथ मीडियाकर्मियों और आमजन का अच्छा सहयोग मिला है। उन्होंने बताया कि झुंझुनूं के लोग हमेशा याद रहेंगे। इसके अलावा नीमकाथाना से मुकेश चौधरी को खेतड़ी तथा तहसीलदार सेवा से आरएएस में पदोन्नत हुई सुमन देवी को बुहाना एसडीएम लगाया है।

साइकिल वितरण समारोह आयोजित

खिरोड़, (निसं)। निकटवर्ती ग्राम बसावा के सेठ सीताराम क्याल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में साइकिल वितरण समारोह भामाशाह सेठ सुशील गुप्ता के मुख्य अतिथि में आयोजित हुआ। मां शारदे की आराधना से प्रारंभ हुए इस समारोह की अध्यक्षता संस्था प्रधान रजनीश प्रधानाचार्य ने की। जबकि जिला परिषद सदस्य बजरंगलाल जांगिड़ एवं अशोक पटवारी समारोह के विशिष्ट अतिथि रहे। शिक्षक कृष्ण कुमार शर्मा के सानिध्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम की रोचक प्रस्तुति नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा दी गई एवं राज्य सरकार की साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत विद्यालय की पांच छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। वहीं भामाशाह सेठ गुप्ता ने विद्यालय के संस्थापक परिवार की तीसरी पीढ़ी के रूप में विद्यालय का मुख्य द्वार एवं स्टाफ शौचालय मंत्रालय निर्माण की घोषणा की एवं आगामी सत्र में बच्चों के लिए स्कूल फीस एवं ड्रेस इत्यादि की व्यवस्था भी संस्थापक भामाशाह परिवार द्वारा करने की घोषणा की गई। इस अवसर पर ग्रामीण एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

भगवान देवनारायण का अवतार दिवस मनाया जाएगा

खिरोड़, (निसं)। देवीपुरा बणी में स्थित देवनारायण मंदिर में भगवान देवनारायण का 1113वां अवतार दिवस विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा। मंदिर पुजारी भोलूराम, बजरंगलाल एवं बालूराम ने बताया कि दो दिवसीय इस कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान देवनारायण की विशेष पूजा अर्चना के साथ होगा। कार्यक्रम के दौरान सोमवार को विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक कलाकार किशोर मीणा द्वारा शानदार एवं रोचक भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। चार फरवरी मंगलवार को भगवान देवनारायण की विशेष पूजा अर्चना होगी। इस दिन विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। इस दौरान मंदिर परिसर स्थल पर विशाल मेला भी लगेगा।

कल दो घंटे शराब के ठेके बंद रहेंगे

झुंझुनूं, (निसं)। प्रदेशभर के शराब ठेके चार फरवरी को दो घंटे तक बंद रहेंगे। छह सूत्री मांगों को लेकर आंदोलनरत शराब ठेकेदारों ने शटर डाउन का ऐलान किया है। शराब ठेकेदार यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष पंकज धनखड ने बताया कि दुकानों का खोलने का समय रात 11 बजे तक करने, शराब की दुकानों में पुलिस का हस्तक्षेप बंद करने, कलस्टर समाप्त करने, गारंटी उठाव त्रैमासिक करने, पुराना बकाया पैनल्टी समाप्त करने, वर्तमान गारंटी पर ही दुकान रिन्यूअल करने जैसी मांगों को लेकर पहले भी कई बार सरकार से वार्ता हो चुकी है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। जिसके चलते अब आंदोलन किया जाएगा। आंदोलन के पहले चरण में चार फरवरी को सुबह 10 से 12 बजे तक दो घंटे का शटर डाउन हडताल होगी। वहीं नौ फरवरी को प्रदेश के शराब ठेकेदारों की जयपुर में महारैली होगी।

आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित

झुंझुनूं, (निसं)। राजकीय जिला बीडीके अस्पताल में जिला स्तरीय आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ बीडीके अस्पताल के पीएमओ डॉ. राजवीर राव ने किया। उन्होंने पूरे शिविर में मॉनेटरिंग भी रखी। डॉ. राव ने बताया कि इस जिला स्तरीय कैंप का फायदा सैंकड़ों की संख्या में मरीजों ने उठाया। इस कैंप में आरोग्य आयुष्मान योजना के कार्ड भी तैयार किए गए है। तो वहीं दिव्यांगता प्रमाण पत्र के अलावा अन्य कार्य भी किए गए। इसके अलावा गांव और ब्लॉक स्तर पर आयोजित हुए कैंपों से रैफरल मरीजों को भी विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने जांचकर उनका ईलाज किया। डॉ. राव ने बताया कि एनसीडी के तहत कैंप में आने वाले रोगियों की मधुमेह, दमा, श्वांस संबंधित बीमारियों की जांचें भी फ्री की गई। इसके अलावा चिकित्सकों के परामर्श के अनुसार नि:शुल्क दवा वितरित की गई।

भगवान वेंकटेश बालाजी का महाभिषेक हुआ

खिरोड़, (निसं)। तीर्थ लोहार्गल के सिद्धपीठ वेंकटेश बालाजी पर बसंत पंचमी के मौके पर महाभिषेक हुआ। पीठ के पीठाधीश्वर स्वामी अश्विनी आचार्य महाराज ने के सानिध्य में बसंत पंचमी के पावन पर्व पर प्राचीन परम्परा के अनुसार भगवान वेंकटेश का अनेकों औषधि युक्त जल, दूध, दही, अनेकों फलों के रसों से हरिद्रा युक्त जल अभिषेक किया गया एवं तुलसी और पुष्प अर्चना भी की गई। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ो श्रद्धालुओं ने सिद्ध पीठ भगवान वेंकटेश बालाजी की पूजा अर्चना एवं महा अभिषेक कर दर्शन किए।